कमांक / 035 /क्रय / इसदुसं/21 इन्दौर, दिनांक 15/12/2021

## —=0 अल्पकालिन निविदा विज्ञप्ति 0=—

इन्दौर सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित,चांदा तलावली, मांगलिया, इन्दौर को नववर्ष 2022 की 5000 नग डायरियॉ प्रिन्ट करवायी जाना है। इस हेतु प्रतिष्ठित मुद्रको जिनके पास डायरी प्रिन्ट करने के लिये सम्पूर्ण कार्य जैसा कि प्रिन्टींग मशीन, पेंज मेकिंग कार्य, डायरी कटींग एवं बाइंडिंग कार्य करने के साधन एक ही स्थान पर उपलब्ध हो से ई–निविदा के माध्यम से दर आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र एवं शर्ते दिनांक 15/12/2021 से 21/12/2021 तक www.mptenders.gov.in पर रू. 500/- Online जमा कर प्राप्त किये जा सकते हैं। ई–निविदा दिनांक 21/12/2021 को दोपहर 3.00 बजे तक Online स्वीकार की जावेगी। उक्त निविदा दिनांक 22/12/2021 को दोपहर 1.00 बजे कार्यालय मे खोली जावेगी। ई–निविदा प्रपत्र की शर्तो एवं नियमों को एम.पी.स्टेट को–आपॅ.डेयरी फेडरेशन लि. भोपाल की वेबसाइट www.sanchidairy.com पर भी देखा जा सकता है। इस विज्ञप्ति के सन्दर्भ में कोई भी Amendment/corrigendum केवल उपरोक्त वर्णित वेबसाइट्स पर ही प्रकाशित होगी।

Digital Signature हेतु सम्पर्क करेः– एम.पी.स्टेट इलेक्ट्रानिक डेवल्पमेन्ट कार्पोरेशन लिमिटेड, अरेरा हिल्स, भोपाल, टोल फ्री नम्बर 18002588684/18002745454/18002748484

**मुख्य कार्यपालन अधिकारी**

**इन्दौर सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित,चांदा तलावली, मागंलिया, इन्दौर(म.प्र.)**

दूरभाष –0731 – 2811162 फेक्स – 2811559

| टेण्डर फार्म मूल्य रू. 500/- |
|---|

**वर्ष 2022 के डायरी मुद्रण हेतु ई–निविदा प्रपत्र**

(अ)

| | | |
|---|---|---|
| **1** | कार्य का विवरण | वर्ष 2022 की 5000 नग डायरी का मुद्रण कार्य। |
| **2** | Online ई–निविदा क्रय करने की दिनांक : | दिनांक 15/12/2021 से 21/12/2021 तक |
| **3** | Online ई–निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय : | दिनांक 21/12/2021 समय अपरान्ह 3.00 बजे। |
| **4** | Online ई–निविदा दस्तावेज खोलने की अन्तिम तिथि एवं समय | दिनांक 22/12/2021 समय अपरान्ह 1.00 बजे |
| **5** | Online ई–निविदा खोलने का स्थान : | कार्यालय इन्दौर सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, चान्दा तलावली मांगलिया इन्दौर। |
| **6** | अमानत राशि : | रू. 10000.00 ऑनलाइन जमा करना होगा। |
| **7** | निविदा फार्म राशि : | रू. 500.00 |
| **8** | पत्र व्यवहार हेतु पता : | मुख्य कार्यपालन अधिकारी,<br>इन्दौर सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, चान्दा तलावली मांगलिया इन्दौर (म.प्र.) |
| **9** | किसी भी फर्म द्वारा एक से अधिक निविदा जमा करना मान्य नही है। | |
| **10** | निविदाकार द्वारा निविदा प्रपत्र को ऑनलाइन वेबसाईट के माध्यम से ही भेजना होगा।<br>(अ) धरोहर राशि (**EMD**) ऑनलाइन :<br>(ब) निविदा प्रपत्र (**Price Bid**) : ऑनलाइन | |

**नोट** : सभी निविदाकारों को निर्देशित किया जाता है कि, वे धरोहर राशि (EMD) ऑनलाइन जमा करे। धरोहर राशि जमा करने के दस्तावेज की छायाप्रति एवं प्रदाय करने वाली डायरी का एक नमूना निविदा खोलने के दिनांक 21/12/2021 को समय दोपहर 3.00 से पूर्व इन्दौर दुग्ध संघ कार्यालय में जमा करना अनिवार्य है। अच्छी गुणवत्ता वाली नमूने के आधार पर ही दर का निर्णय लिया जावेगा।

**मुख्य कार्यपालन अधिकारी**

# डायरी वर्ष **2022** के डायरी मुद्रण हेतु ई–निविदा प्रपत्र

## डायरी के मापदण्ड :–

**1** डायरी की संख्या : 5000 नग

**2** **डायरी की साईज :**

चौडाई : 6.8”
लम्बाई : 9.0”
पेज संख्याः लगभग 260 पेज ब्लैक एण्ड व्हाईट एवं 8 पेज रंगीन

**3** **1.** सुपर सनसाईन A ग्रेड पेपर –70जी.एस.एम. (अन्दर के पेज ब्लैक एण्ड व्हाईट हेतु)
**2.** आर्ट पेपर –130 जी.एस.एम. (अन्दर के कलर पेज हेतु)
**3.** अस्तर 2 पेज (आगे एवं पिछे 100 जी.एस.एम.)

**4** बाईन्डिंग/फिनिशिंग परफेक्ट हार्ड बाईन्डिंग, बेस्ट क्वालिटी (पेम्प प्लस)

**5** साँची डायरी प्लास्टीक पन्नी PVC में पेक करना

**6** डायरी का कवर पेज 170 जी.एस.एम. Mett Paper with mett lamination+UV+Gold lif

## इन्दौर सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित
### चांदा तलावली, मागंलिया, इन्दौर

क्रमांक / 035 / क्रय / इसदुसं/2021 दिनांक

### –: सामान्य नियम शर्ते :–

इन्दौर सहकारी दुग्ध संघ मर्या.,चादां तलावली,ए.बी.रोड,मागंलिया, इन्दौर के लिये एवं संबंधित दुग्ध उत्पादक सहकारी संस्थाओं को प्रदाय करने के लिये नववर्ष 2022 की 5000 नग डायरी का मुद्रण एवं निर्माण कराये जाने हेतु ई–निविदायें आमंत्रित की जाती है, जिसकी शर्ते निम्नानुसार है :–

1. सॉची डायरी वर्ष 2022 प्रिन्ट कराने हेतु निविदाकार जिनके पास डायरी प्रिन्ट करने के लिये सम्पूर्ण कार्य जैसा कि प्रिन्टींग मशीन, पेंज मेकिंग कार्य, डायरी कटींग एवं बाइंडिंग कार्य करने के साधन एक ही स्थान पर उपलब्ध हो, वही निविदाकार निविदा फार्म भरे। जिनके पास उपरोक्त साधन उपलब्ध नही है, वे निविदा फार्म नही भरे अन्यथा उनकी सुरक्षा निधि राशि राजसात की जावेगी।

2. उत्तम क्वालिटी की आपके द्वारा बनायी गई हो अथवा बनाई जावेगी की एक नमूना डायरी टेकनीकल बीड खोलने के पूर्व दुग्ध संघ कार्यालय में प्रस्तुत करना होगी। नमूना प्रस्तुत न करने वाले निविदाकार की निविदा अमान्य की जावेगी।

3. अच्छी गुणवता का नमूना प्रस्तुत करने वाले निविदाकार को प्राथमिकता दी जावेगी। मात्र न्यूनतम दर को ही आधार नही माना जावेगा।

4. सॉची डायरी की बन्द साईज 6.8"X9.0"(क्लोज साईज) रहेगी,डायरी मे कलर पेज8–(130 GSM आर्ट पेपर) डायरी तारीख वाले 183 पेज आवश्यक जानकारी / विज्ञापन के 77 पेज कुल 260 पेज ब्लैक एण्ड व्हाईट प्रिन्टीग रहेगा।

5. डायरी मे लगने वाला (विज्ञापन एवं दैनिक) पेपर ब्राण्ड 70 GSM Super Sun Shine A Grade Paper Quality का रहेगा। कव्हर पेज 170 GSM Mett paper with mett lamination+UV+Gold lif on cover and embossing, Thread sewing + Hard binding एवं कव्हर एण्ड कम्पोजिंग प्रदाय आर्टवर्क एवं नमूने अनुसार रहेगी।

6. डायरी धागा सिलाई एवं हार्ड बाईडिंग एवं उत्तम गुणवत्ता वाली रहेगी। डायरी के पेपर, बाईडिंग, प्रिन्टीग की गुणवत्ता सम्बन्धी जानकारी कार्यालयीन दिवस मे प्रातः 11.00 बजे से सायं 5.00 बजे के मध्य दी जावेगी।

7. अर्नेस्ट मनी रू. 10,000/- (अक्षरी रू. दस हजार मात्र) ऑनलाइन ही जमा करना होगा।

8. पेपर के नमुने (सुपर सन साईन A ग्रेड पेपर 70GSM) एवं प्रदाय की जाने वाली डायरी का एक नमूना निविदा खोलने के दिनांक 21/12/2021 को समय दोपहर 1.00 बजे से पूर्व इन्दौर दुग्ध संघ कार्यालय में जमा करना अनिवार्य है।

9. डायरी स्वयं के व्यय पर दुग्ध संयंत्र, मांगलिया इन्दौर में 20 नग के पृथक–पृथक बण्डल में बांध कर भिजवाना होगा।

10. डायरी पेपर की गुणवत्ता,साईज (बाईडिंग,कटिंग,फिनिश के पश्चात) होना चाहियें। उसमे किसी भी प्रकार की विभिन्नता या असमानता पाई जाने की स्थिति में सामग्री निरस्त कर दी जावेगी एवं सुरक्षा निधि राजसात की जा सकेगी।

11. निविदा स्वीकृत करने का मापदण्ड मात्र न्यूनतम दर न होकर नमूना के आधार, फर्म की प्रतिष्ठा /कार्य की गुणवत्ता रहेगी। किसी भी निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी के पास सुरक्षित रहेगा।

12. निविदाकार को अपनी दर ऑनलाईन, डायरी नववर्ष 2022 के मुदृण हेतु निविदा दिनांक 21/12/2021 को दोपहर 3.00 बजे तक जमा कराना होगा। निर्धारित समय के पश्चात प्राप्त निविदाओं पर कोई विचार नही किया जावेगा।

13. प्रिटिंग मेटर एवं फोटो आदि कार्यालय द्वारा उपलब्ध करवाया जावेगा।

14. प्रिंटिंग मेटर के फाइनल प्रूफ के बाद 15 दिवस के अन्दर आदेशित सम्पूर्ण मात्रा में मुद्रत डायरी की डिलेवरी एक मुश्त संघ कार्यालय में देनी होगी। अन्यथा विलम्ब होने पर प्रति दिवस आधार पर आर्थिक शास्ती अधिशोपित की जावेगी जो आपके देयक से कटौत्रा की जावेगी।

15. सफल निविदाकार को डायरी की बनवाई नमूने अनुसार देना आवश्यक होगा, यदि डायरी नमूने के अनुसार न बनने की स्थिति में देयक से 50% तक राशि का कटोत्रा किया जावेगा।

16. सफल निविदाकार को किसी भी प्रकार का अग्रिम भुगतान नही दिया जावेगा। सन्तोषजनक कार्य पूर्ण कर देयक प्रस्तुत करने के 30 दिन पश्चात् एकमुश्त भुगतान किया जावेगा।

17. निविदाकार को अपनी फर्म का पेन नम्बर, GST नम्बर, वर्ष 2019-2020 एवं 2020-2021 वार्षिक आयकर रिटर्न की छायाप्रति ऑनलाइन प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

18. सफल निविदाकार के देयक से नियमानुसार आयकर कटौत्रा कर देयक का भुगतान किया जाऐगा।

19. किसी भी निविदाकार द्वारा निविदा में शामिल होने पर यह मान लिया जावेगा, कि उन्हें निविदा एवं कार्य से सम्बन्धित सभी शर्ते मान्य है।

20. असफल निविदाकारों को उनके द्वारा जमा धरोहर राशि निविदा के निर्णय पश्चात् एवं सफल निविदाकार को कार्योपरान्त ही वापस की जावेगी। धरोहर राशि पर कोई ब्याज देय नही होगा।

21. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, इन्दौर सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, इन्दौर के पास बिना कारण बताये किसी भी निविदा को स्वीकार/अस्वीकार या निविदा निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

22. किसी भी विवाद की स्थिति में अन्तिम निर्णय माननीय अध्यक्ष महोदय इन्दौर सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, इन्दौर का अंतिम तथा दोनो पक्षों को मान्य होगा।

23. सभी प्रकार के विवाद हेतु न्याय क्षेत्र सहकारिता न्यायालय, इन्दौर रहेगा।

**24.** अपरिहार्य कारणो से निविदा खोलने के दिनांक को किसी प्रकार का अवकाश होने की स्थिति में अगले दिन निविदा खोलने की तिथि मान्य रहेगी।

**25.** निविदा मे संलग्न Form A भरकर ऑनलाइन जमा करना होगा। साथ ही एक प्रति, नमूने एवं अन्य दस्तावेजो के साथ कार्यालय मे प्रस्तुत करना होगा।

**26.** समान दरे प्राप्त होने पर चीट (पर्ची)से निर्णय लिया जावेगा।

**27.** निविदा प्रपत्र के प्रत्येक पृष्ठ पर निविदाकार के हस्ताक्षर कर अपलोड करना आवश्यक हैं।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी

# इन्दौर सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित

चांदा तलावली, मागंलिया, इन्दौर(म.प्र.)

## Form - A

| | | |
|---|---|---|
| 1 | संस्था का नाम | |
| 2 | संस्था का पता | |
| 3 | दूरभाष क्रमांक | |
| 4 | पेन नम्बर | |
| 5 | GST नम्बर, | |
| 6 | संस्था का पंजीकरण नम्बर | |

निविदा में दर्शित सभी शर्ते मान्य है।

**निविदाकार के हस्ताक्षर**

| |
|---|
| **नाम :** |
| **पता :** |
| **सील :** |

# इन्दौर सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित

चांदा तलावली, मागंलिया, इन्दौर(म.प्र.)

# <u>Price Bid</u>

वर्ष **2022** के डायरी मुद्रण हेतु निविदा प्रपत्र

| क्रमांक | विवरण | दर प्रतिनग **FOR** इन्दौर दुग्ध संघ समस्त कर सहित। |
|---|---|---|
| **1** | प्रति डायरी हेतु दर अंको में। | |
| **2** | निविदा में पेजों की संख्या अनुमानित दर्शाई गई है। अतः कमी या वृध्दि के आधार पर प्रति पेज की दर। | |
| | ब्लैक एण्ड व्हाईट प्रति पेज – | |
| | क्लर पेज – | |